जब मैंने सन्यास की घोषणा की थी तब मैं क्रिकेट से थका हुआ महसूस कर रहा था। लेकिन मैकुलम के साथ खेलने की इच्छा को दबाना मुश्किल है।

- मोईन अली

टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद पुनः खेल के सबसे लंबे प्रारूप में वापसी करने को लेकर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — **जेम्स एंडरसन**

स्विंग गेंदबाज़ी के बेताज बादशाह इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन ने अपने शानदार क्रिकेट करियर में एक और कीर्तिमान रचते हुए टेस्ट क्रिकेट में 650 विकेट पूरे कर लिये हैं। एंडरसन ने सोमवार को न्यूज़ीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के चौथे दिन टॉम लैथम को आउट करते हुए यह कीर्तिमान रचा। ट्रेंट ब्रिज टेस्ट की पहली पारी में न्यूज़ीलैंड ने 553 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने 539 रन बनाये। न्यूज़ीलैंड की पारी शुरू करने उतरे लैथम को एंडरसन ने पहले ओवर में ही चार रन के स्कोर पर चलता किया।

क्या आप जानते हैं ?... भारत की ओर से डब्लूटीए टूर्नामेंट जीतने वाली पहली खिलाड़ी सानिया मिर्जा है। सानिया ने फरवरी, 2005 में हैदराबाद टूर्नामेंट जीतते हुए यह उपलब्धि हासिल की थी।

21 हजार 275 करोड़ रु. में बिके भारतीय उपमहाद्वीप में आईपीएल के टीवी राइट्स

मुम्बई, 13 जून। 2023 से 2027 तक चलने वाले अगले चक्र के लिए आईपीएल प्रसारण अधिकार प्राप्त करने के लिए चल रहे ई-ऑक्शन में पहले दो पैकेज की सर्वाधिक बोली का पता चल चुका है। क्रिकइंफ़ो को पता चला है कि भारतीय उपमहाद्वीप में टीवी प्रसारण अधिकार वाले पैकेज ए में सर्वाधिक बोली साढ़े 57 करोड़ रुपये प्रति मैच की है। भारतीय उपमहाद्वीप में डिजिटल प्रसारण के अधिकार वाले पैकेज बी में सर्वाधिक बोली 48 करोड़ रुपये की लगाई गई।

रविवार को शुरू हुए ई-ऑक्शन में पैकेज ए और बी पर एक साथ बोली लगाने की प्रक्रिया शुरू हुई। रविवार को पैकेज ए की अंतिम बोली 57 करोड़ रुपये की थी जबकि पैकेज बी की थी 48 करोड़।

105 करोड़ 50 लाख रुपये प्रति मैच की संयुक्त राशि ने आईपीएल को विश्व की सबसे महंगी लीगों की सूची में ला खड़ा किया है। टीवी प्रसारण अधिकार वाले पैकेज ए की अंतिम बोली और निर्धारित आधार मूल्य में 17.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। साथ ही डिजिटल प्रसारण वाले पैकेज की रक़म में 45.4 प्रतिशत का इज़ाफ़ा हुआ है। 2018 से 2022 के बीच के पिछले चक्र में एक मैच की क़ीमत 54.23 करोड़ थी और इस चक्र में प्रति मैच की क़ीमत में 94.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

प्रति सीज़न 74 मैचों के आधार पर पांच साल के लिए टीवी प्रसारण अधिकार पैकेज की क़ीमत 21 हज़ार 275 करोड़ रुपये है। डिजिटल प्रसारण पैकेज की क़ीमत (17 हज़ार 760 करोड़ रुपये) जोड़ने पर कुल आंकड़ा 39 हज़ार 35 करोड़ रुपये तक पहुंच जाता है। यह आंकड़ा पिछले आईपीएल राइट्स चक्र की राशि से 2.39 गुना अधिक है।

आईपीएल ने पैकेज के विजेताओं के नाम अभी घोषित नहीं किए हैं क्योंकि ऑक्शन की प्रक्रिया जारी है। नियमों के अनुसार आईपीएल के पैकेज ए के विजेता को अधिकार दिया है कि वह पैकेज बी के लिए डायरेक्ट बोली लगा सकता है। यह पता नहीं चल पाया है कि क्या पैकेज ए और पैकेज बी का विजेता एक ही है या फिर टीवी राइट्स का विजेता डिजिटल राइट्स के लिए लड़ना चाहता है या नहीं।

विकेट गंवाने के बावजूद हम आक्रामक बल्लेबाजी करेंगे : श्रेयस

कटक, 13 जून। भारत द्विपक्षीय टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में नतीजों की परवाह किए बिना अक्तूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में खेले जाने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी कर रहा है। दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध लगातार दूसरा टी20 मैच हारने के बाद श्रेयस अय्यर ने यह प्रतिक्रिया दी।

श्रेयस ने मैच के बाद कहा, ''हमारा मुख्य उद्देश्य विश्व कप है, इसलिए हम उसके मद्देनज़र अपनी योजना बना रहे हैं। हम किसी और चीज़ के बारे में सोचे बिना खुले मन से मैदान पर उतर रहे हैं। इन मैचों में हम अतीत की उन सभी कमज़ोरियों पर काम कर सकते हैं। टीम मीटिंग में भी हम यही बात करते हैं। चाहे कुछ भी हो जाए, हमें बनाई गई योजनाओं

पर अमल करना है। असफल होने पर भी हम सीखेंगे और बतौर खिलाड़ी के साथ-साथ बतौर टीम भी विकसित होंगे। ऑस्ट्रेलिया पहुंचने तक यह ज़्यादा महत्वपूर्ण है।'' इनमें से एक योजना यह है कि लगातार अंतराल पर विकेट गिरने के बावजूद बल्लेबाज़ आक्रामकता के साथ खेलना जारी रखेंगे। इसका उदाहरण हमें पहले मैच में देखने को मिला जहां सभी बल्लेबाज़ों ने अपने हाथ खोले और टीम को 211 के स्कोर तक पहुंचाया।

श्रेयस अय्यर ने बताया कि भारतीय टीम आक्रामक रुख़ अपनाना जारी रखेगी। श्रेयस ने कहा, ''हमने यह प्लान बनाया है कि चाहे कुछ भी हो जाए, हम (आक्रामक खेल) जारी रखेगें। भले ही विकेट गिरते रहे, यह हमारी योजना है और भविष्य में भी हम इसी विचारधारा के साथ जाएंगे। हमें ख़ुद पर पूरा भरोसा है।''

प्लेयर ऑफ द मंथ जीतकर मैथ्यूज़, हसन ने रचे नये कीर्तिमान

दुबई, 13 जून। श्रीलंका के स्टार बल्लेबाज़ एंजेलो मैथ्यूज़ मई माह का आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीतकर यह खिताब हासिल करने वाले पहले श्रीलंकाई खिलाड़ी बन गये हैं। इस पुरस्कार की शुरुआत जनवरी 2021 में की गयी थी। आईसीसी ने सोमवार को घोषणा की कि मैथ्यूज़ और पाकिस्तान की तुबा हसन को इस माह प्लेयर ऑफ़ द मंथ चुना गया है। मैथ्यूज़ को बंग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज़ जीत में रनों का अंबार खड़ा करने के लिये इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

ओलंपियन धावक हरि चंद का हृदयघात से निधन

होशियारपुर, 13 जून। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले पूर्व ओलंपियन धावक हरि चंद का सोमवार को हृदयाघात के बाद जालंधर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 69 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार उनका अंतिम संस्कार कल गांव घोरेवाहा में होगा। एक अप्रैल 1953 को जन्मे लंबी दौड़ के धावक हरि चंद सीआरपीएफ से कमांडेंट के रूप में सेवानिवृत्त हुए थे। हरि चंद ने 1978 में बैंकॉक में हुए एशियाई खेलों में 5000 मीटर और 10000 मीटर दौड़ में दो स्वर्ण पदक जीते थे। उन्होंने ओलंपिक खेलों में दो बार हिस्सा लिया। 1976 में मोंट्रियल ओलंपिक्स में 10000 मीटर दौड़ में 28 मिनट 48.2 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 32 वर्ष तक बना रहा।

रणजी ट्रॉफी में लगातार दूसरी बार फाइनल में जाने के इरादे से मैदान पर उतरेगी बंगाल

बेंगलुरु, 13 जून। भारत के सबसे बड़े प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफ़ी का 87वां संस्करण सेमीफ़ाइनल के पड़ाव पर आ पहुंचा है। सेमीफ़ाइनल मुक़ाबले मंगलवार को बेंगलुरु में प्रारंभ होंगे जहां मध्य प्रदेश का सामना होगा बंगाल से और मुंबई की टक्कर होगी उत्तर प्रदेश के साथ। बंगाल की नज़र लगातार दूसरे फ़ाइनल पर: कप्तान आदित्य श्रीवास्तव पांच साल के थे जब मध्य प्रदेश आख़िरी बार रणजी ट्रॉफ़ी के फ़ाइनल में पहुंचा था। और तो और वर्तमान टीम का कोई भी खिलाड़ी पैदा भी नहीं हुआ था जब इस टीम ने 1945-46 में आख़िरी बार ख़िताब अपने नाम किया था। हालांकि इस बार मध्य प्रदेश के पास चमचमाती ट्रॉफ़ी अपने नाम करने का बढ़िया मौक़ा है।

एकदिवसीय रैंकिंग में पांचवें स्थान पर फिसला भारत

दुबई, 13 जून। आईसीसी की एकदिवसीय रैंकिंग में भारतीय क्रिकेट टीम गिरकर पांचवे स्थान पर आ गयी है।आईसीसी की नवीनतम रैंकिंग के अनुसार पाकिस्तान ने वेस्ट इंडीज़ को एकदिवसीय श्रंखला में 3-0 से हराकर भारत पर बढ़त हासिल कर ली है। इस सीरीज़ से पहले पाकिस्तान 102 की रेटिंग के साथ एकदिवसीय रैंकिंग में पांचवें स्थान पर थी, लेकिन कैरिबियाई टीम को क्लीन स्वीप कर बाबर आज़म की टीम 106 रेटिंग के साथ चौथे स्थान पर आ गयी है। 105 रेटिंग वाली भारतीय टीम पांचवे स्थान पर खिसक गयी है।

तीरंदाज दीपिका कुमारी ने नुमोतो स्कुडेरिया के साथ किया अनुबंध

रांची, 13 जून। ऑटोमोटिव वेलनेस कंपनी नुमोटो स्कुडेरिया ने सोमवार को घोषणा की कि उसने भारत की स्टार तीरंदाज दीपिका कुमारी को कंपनी के ब्रांड एंबेसडर के रूप में साइन किया है। सौदे के हिस्से के रूप में, दीपिका कुमारी कंपनी के ऊपर-द-लाइन और नीचे-द-लाइन मार्केटिंग संचार के साथ-साथ न्यूमोटो स्कुडेरिया के सभी मार्केटिंग और ब्रांड अभियानों का हिस्सा होंगी।

27 वर्षीय दीपिका कुमारी, जो झारखंड की रहने वाली हैं, वही राज्य जहां से नुमोतो स्कुडेरिया ने अपना संचालन शुरू किया है, भारत की सबसे मान्यता प्राप्त और सुशोभित महिला एथलीटों में से एक है। तीन बार की ओलंपियन रिकर्व महिला वर्ग में विश्व की पूर्व नंबर 1 खिलाड़ी हैं और उन्होंने विश्व मंच पर कई पदक जीते हैं। वर्तमान में रिकर्व महिलाओं में नंबर 3 के रूप में स्थान पर है, दीपिका एक अर्जुन पुरस्कार विजेता और पद्मश्री है।

नुमोतो स्कुडेरिया के साथ जुड़ने पर, दीपिका कुमारी ने कहा, मैं बढ़ते हुए नुमोटो स्कुडेरिया परिवार का हिस्सा बनकर वास्तव में खुश हूं। ऑटोमोटिव स्पेस में झारखंड की एक युवा कंपनी के रूप में, मैं उनके साथ काम करने

के लिए उत्सुक हूं, जो एक संपूर्ण और रोमांचक यात्रा का वादा करता है।

नुमोटो स्कुडेरिया भारत का पहला ऑटोमोटिव वेलनेस ब्रांड है, जिसमें वाहनों को कुशल, सुरक्षित और सड़क पर चलने योग्य रखने के लिए सेवाओं और उत्पादों का एक गुलदस्ता है। यह ऑन-साइट डीकार्बोनाइजेशन से लेकर स्वचालित वाहन सामान्य सेवाओं तक की सेवाएं प्रदान करता है और विशेष कार रखरखाव उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री में भी माहिर है।

दीपिका कुमारी को ब्रांड एंबेसडर के रूप में साइन करने पर बोलते हुए, पलाश बागची, सीईओ नुमोटो स्कुडेरिया ने कहा, दीपिका कुमारी एक पूर्ण युवा आइकन हैं और न्यूमोटो जैसे युवा ब्रांड के लिए एकदम फिट हैं। वह पहले से ही भारतीय खेल की एक किंवदंती हैं और सिर्फ 27 साल की उम्र में उन्होंने जो हासिल किया है वह आज के युवाओं के लिए एक प्रेरणा है। हम उसे नुमोतो में शामिल करने के लिए रोमांचित हैं और हमें यकीन है कि वह बहुत अधिक मूल्य जोड़ देगी।

बेसलाइन वेंचर्स के सह-संस्थापक और एमडी तुहिन मिश्रा ने कहा, कि दीपिका कुमारी और नुमोटो स्कुडेरिया के बीच एंडोर्समेंट एसोसिएशन की सुविधा के लिए हमें बेहद खुशी है।'' दीपिका कुमारी एक स्पोर्ट्स यूथ आइकन हैं और पूरे भारत में बेहद लोकप्रिय हैं। बेसलाइन में दो युवा, साहसी और समान विचारधारा वाली संस्थाओं के बीच जुड़ाव को सुविधाजनक बनाना हमारे लिए गर्व का क्षण है।

भारतीय टीम के आयरलैंड दौरे के लिए सपोर्ट स्टाफ की नियुक्ति

बेंगलुरु, 13 जून। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के कोच सितांशु कोटक, साईराज बहुतुले और मुनीश बाली इस महीने के अंत में आयरलैंड के छोटे दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम के सहयोगी स्टाफ़ होंगे, जिसका नेतृत्व वीवीएस लक्ष्मण करेंगे। जब भारत ए की टीम नवंबर-दिसंबर 2021 में दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर गई थी, उस दौरान कोटक इंडिया ए सपोर्ट स्टाफ़ थे, जबकि बाली और बहुतुले 2022 की शुरुआत में वेस्टइंडीज़ में विश्व कप जीतने वाली भारत अंडर-19 टीम के क्षेत्ररक्षण और गेंदबाज़ी कोच थे।

लक्ष्मण आयरलैंड में दो मैचों की टी20 श्रृंखला के दौरान भारत के मुख्य कोच होंगे। वह राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे, जो उस वक़्त भारतीय टेस्ट टीम के साथ इंग्लैंड में होंगे। द्रविड़ और अन्य वरिष्ठ सहयोगी स्टाफ़ सदस्य इस सप्ताह के अंत में टेस्ट टीम के साथ इंग्लैंड के लिए रवाना होंगे।

लक्ष्मण वर्तमान में बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में क्रिकेट निदेशक हैं। द्रविड़ पहले इस पद पर थे लेकिन जब उन्हें भारतीय टीम का कोच बना दिया गया तो इस पद की ज़िम्मेदारी लक्ष्मण को सौंप दी गई। वह इससे पहले आईपीएल में सनराइज़र्स हैदराबाद और भारतीय घरेलू क्रिकेट में बंगाल की टीम में बल्लेबाज़ी सलाहकार के रूप में शामिल रहे हैं। इस साल की शुरुआत में वह वेस्टइंडीज़ में भारत की अंडर 19 विश्व कप विजेता टीम के साथ सहायक स्टाफ़ समूह का हिस्सा थे। भारत की टेस्ट टीम 15 जून को इंग्लैंड के लिए रवाना हो सकती है। पिछले साल कोविड 19 के प्रकोप के बाद बर्मिंघम टेस्ट को पीछे धकेल दिया गया था।

ग्रां.प्री. बैडमिंटन लीग की नीलामी में आइकन खिलाड़ियों की चांदी

बेंगलुरू, 13 जून। कर्नाटक की बहुप्रतीक्षित बैडमिंटन लीग 'ग्रां प्री बैडमिंटन लीग' के लिये आयोजित नीलामी में मिथुन मंजुनाथ, प्रकाश राज और साई प्रतीक ने अधिकतम कीमत 3.5 लाख रुपये प्राप्त की। कर्नाटक बैडमिंटन महासंघ द्वारा एक जुलाई से 10 जुलाई तक आयोजित इस टूर्नामेंट में मिथुन को मालनाड फैलकन्स ने खरीदा, जबकि साई प्रतीक मांड्या बुल्स में शामिल हुए। प्रकाश को केजीएफ वुल्व्स ने खरीदा। इसके अलावा सनीथ दयानंद (कोडगु टाइगर्स, 2.6 लाख रुपये), डैनियल फरीद (बांदीपुर टस्कर्स, 3.1 लाख रुपये), रघु मारिस्वामी (मंगलुरु शार्क, 3.3 लाख रुपये), तान्या हेमंत (मैसूर पैंथर्स, 3.2 लाख रुपये) और जननी अनंतकुमार (बेंगलुरु लायंस- 2.5 लाख रुपये) को भी लीग में जगह मिली। प्रत्येक टीम में आङ्ग खिलाड़ी शामिल हो सकते थे जिनमें एक आइकन खिलाड़ी, कम से कम दो टियर-1 और टियर-2 खिलाड़ी, और आइकन श्रेणी सहित कम से कम दो महिला खिलाड़ियों का होना आवश्यक था। हर टीम के पर्स में 12 लाख रुपये थे जिसमें से दो लाख रुपये खिलाड़ी पुरस्कार के लिए आरक्षित थे। आइकन खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम शुल्क 2.5 लाख रुपये और अधिकतम शुल्क 3.5 लाख रुपये निर्धारित किया गया था

ऑस्ट्रेलिया के लिए श्रीलंका में वनडे जीतते हुए टेस्ट की तैयारी करना सबसे जरूरी : मैकडोनाल्ड

कोलम्बो, 13 जून। फ़िलहाल श्रीलंका के ख़िलाफ़ वनडे सीरीज़ जीतने के अलावा ऑस्ट्रेलिया के लिए अगले दो हफ़्तों में दो साल में पहली बार सामान्य स्थिति पर लौटने वाली दुनिया में दो बड़े लक्ष्य हैं। 2019 में इंग्लैंड दौरे के बाद पहली बार ऐसा होगा कि जब मुख्य दल पांच वनडे मैच खेल रहा होगा, तब साथ में ऑस्ट्रेलिया ए के रूप में अन्य खिलाड़ी हंबनटोटा में श्रीलंका ए के विरुद्ध दो वनडे मुक़ाबलों में 1-1 ड्रॉ के बाद दो चार-दिवसीय मैच खेलेंगे।

उम्मीद यही है कि अगले दो हफ़्तों में अधिकांश खिलाड़ी ड्रिंक्स ड्यूटी की बजाय क्रिकेट खेलने में व्यस्त होंगे। हालांकि मिचेल स्टार्क की उंगलियों में और मिचेल मार्श की पिंडली में चोटों के चलते वनडे टीम में कुछ बदलाव दिखेंगे।

सबसे बड़ा फ़ैसला था ट्रैविस हेड को ए वनडे सीरीज़ में 76 गेंदों पर शतक जड़ने के बाद चार-दिवसीय मैचों के लिए ए टीम में शामिल किया जाना। हाल ही में हेड पाकिस्तान में वनडे टीम के लिए असाधारण फ़ॉर्म में थे लेकिन डेविड वॉर्नर और स्टीवन स्मिथ के टीम में लौटने से उन्हें मुख्य दल में जगह नहीं मिली थी। कोच ऐंड्रयू मैकडोनाल्ड ने हेड के बारे में कहा, ''वह चयन होने के लिए टीम का दरवाज़ा काफ़ी ज़ोर से खटखटा रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान में मिले मौक़े का बेहतरीन फ़ायदा उठाया।

डेवी अब उनकी जगह आ गए हैं और स्टीव स्मिथ भी लौट आए हैं तो अब उन्हें थोड़ा और इंतज़ार करना होगा। हमें लगा वह ए टीम के साथ खेलेंगे तो उपमहाद्वीप के परिस्थितियों में बेहतर होगा। एक-आध चोट के चलते हमने अपनी शुरुआती योजनाओं को थोड़ा बदल दिया है। हमारी चाह यही है कि हर खिलाड़ी को मैदान पर खेलने का अवसर हो और कोई भी बेंच पर बैठ कर वक़्त ज़ाया ना करें।

मिजोरम ने जीता खेलों इंडिया का फुटबॉल खिताब

पंचकुला, 13 जून। विंगर लातलांज़ोवा और सेंटर-फॉर्वर्ड टी मालसॉमज़्वाला की बदौलत मिज़ोरम ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 का फुटबॉल फाइनल जीत लिया है। लातलानज़ोवा ने सोमवार को केरल के खिलाफ हुए फाइनल में हैट्रिक लगाते हुए मिजोरम को 5-1 से जीत दिलायी। वह पांच मैचों में सात गोल के साथ टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर रहे। लातलानज़ोवा ने मैच के बाद कहा, कोच ने मुझसे कहा कि आज स्कोर करना है, और मैंने वही किया। एक पेशेवर फुटबॉलर बनने की चाह रखने वाले मालसॉमज़्वाला ने कहा, मुझे क्रिस्टियानो रोनाल्डो पसंद हैं क्योंकि वह मेहनती हैं और मैच को खत्म करने में माहिर हैं। दोनों खिलाड़ी कोलासिब जिले में राज्य द्वारा वित्त पोषित क्षेत्रीय खेल प्रशिक्षण केंद्र (अंडर -14) और लुंगलेई जिले में एसवाईएस फुटबॉल अकादमी (अंडर -17) के प्रशिक्षु हैं।

चोटिल होने के कारण तीसरे टेस्ट से बाहर हो सकते है काइल जेमीसन

नाटिंघम,13 जून। न्यूज़ीलैड के तेज गेंदबाज काइल जेमीसन ट्रेंट ब्रिज़ टेस्ट के चौथे दिन मैदान पर नहीं उतर पाएंगे। वह तीसरे दिन 17वें ओवर के दौरान मैदान से बाहर चले गए। उनकी पीठ के निचले हिस्से में काफ़ी दर्द हो रहा था। अब उनके इस दर्द की एमआरआई स्कैन किया जाएगा, ताकि चोट की गंभीरता का पता लगाया जा सके। हालांकि जब जेमीसन मैदान पर थे, तब भी न्यूज़ीलैंड की टीम इंग्लैंड के बल्लेबाज़ों को तेज़ गति से रन बनाने से नहीं रोक पाई। इंग्लैंड ने कुल 383 रन बनाए। जेमीसन गेंदबाज़ी में कुछ ख़ास नहीं कर पा रहे थे। उन्होंने अपने स्पेल में चार रन प्रति ओवर के दर से रन ख़र्च किए और कोई विकेट नहीं लिया। दो साल पहले जेमीसन ने न्यूज़ीलैंड के लिए पहला टेस्ट खेला

था। अपने पदार्पण के बाद से यह उनका सबसे महंगा गेंदबाज़ी प्रदर्शन है। पिछले दो सालों में जेमीसन न्यूज़ीलैंड टेस्ट टीम की एक ज़रूरी हिस्सा हैं। पिछले 17 टेस्ट में सिर्फ़ एक टेस्ट ऐसा रहा, जहां जेमीसन टीम का हिस्सा नहीं थे। उनके 16 मैचों के टेस्ट करियर में 20 से कम की औसत है। कुछ दिन पहले ही वह आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर तीन के गेंदबाज़ थे। उनके डेब्यू के बाद से जेमीसन को कभी भी कोई गंभीर चोट नहीं लगी है। दूसरे टेस्ट के ख़त्म होने के एक सप्ताह बाद तीसरा टेस्ट शुरू होगा। अगर जेमीसन नहीं खेल पाते हैं तो न्यूज़ीलैंड तीसरे टेस्ट में नील वैगनर को टीम में शामिल कर सकता है। इससे पहले केन विलियमसन भी कोरोना संक्रमित होने के कारण टीम से बाहर हो गए थे।

पूर्व क्रिकेटरों, अंपायरों की पेंशन में बीसीसीआई ने भारी वृद्धि की

मुंबई, 13 जून। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पूर्व क्रिकेटरों और अंपायरों की पेंशन में बढ़ोतरी की सोमवार को घोषणा की। यह वृद्धि एक जून 2022 से प्रभावी हो गयी है। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा, यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि हमारे पूर्व क्रिकेटरों की वित्तीय स्थिति का ध्यान रखा जाए। खिलाड़ी जीवन रेखा बने रहते हैं और एक बोर्ड के रूप में, यह हमारा कर्तव्य है कि उनके खेलने के दिन समाप्त होने के बाद हम उनके साथ खड़े रहें। अंपायर खेल के अकीर्तित नायक रहे हैं और बीसीसीआई वास्तव में उनके योगदान को महत्व देता है।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, हमारे पूर्व एवं वर्तमान क्रिकेटरों का कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता है, और पेंशन राशि बढ़ाना उस दिशा में एक कदम है। बीसीसीआई पिछले कुछ वर्षों में अंपायरों के योगदान को महत्व देता है और भारतीय क्रिकेट के लिए उनकी मेहनती सेवाओं के लिए आभार व्यक्त करने का यह एक तरीका है।

शाह ने कहा कि इस योजना के तहत लगभग 900 कर्मियों को लाभ मिलेगा, जिसमें 75 से अधिक लाभार्थियों को 100 वृद्धि मिलेगी। बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण सिंह धूमल ने कहा, बीसीसीआई आज जो कुछ भी है, वह अपने पूर्व क्रिकेटरों और अंपायरों के योगदान के कारण है। हमें मासिक पेंशन में वृद्धि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है जो हमारे पूर्व क्रिकेटरों के कल्याण में सहायता करेगा।

जोशी, रामदास ने कनाडा इंटरनेशनल पैरा बैडमिंनट में जीता स्वर्ण

ओटावा, 13 जून। भारतीय पैरा बैडमिंटन टीम ने ओटावा में आयोजित कनाडा इंटरनेशनल पैरा बैडमिंटन में मानसी जोशी और मनीषा रामदास के स्वर्ण सहित कुल नौ पदक जीते। महिला एसएल3 की वर्तमान विश्व चैम्पियन जोशी ने अपनी हमवतन पारुल परमार, फ्रांस की कोरालाइन बरगेरोन, जापान की नोरिको इटो और यूक्रेन की ओकसाना कोज़ीना के खिलाफ सभी राउंड रॉबिन मैच जीते।

जोशी ने अन्य तीनों प्रतिद्वंद्वियों पर आसानी से जीत दर्ज की, लेकिन ओकसाना ने उनको परेशान किया। यूक्रेन की खिलाड़ी ने पहला गेम हारने के बाद दूसरे गेम में जोशी को मात दी। निर्णायक मुकाबला बेहद करीबी रहा मगर जोशी ने अंततः 22-20 से गेम अपने नाम करते हुए 21-18, 15-21, 22-20 से जीत दर्ज की। रूथिक रघुपति के साथ मिश्रित युगल एसएल3-एसयू5 कांस्य जीतने वाली जोशी ने ट्वीट किया, कनाडा पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल में रुतिक के साथ मिश्रित युगल में कांस्य और सिंगल्स में स्वर्ण जीतकर बेहद खुशी हो रही है। इसके साथ ही मेरा मध्य पूर्व और उत्तरी अमेरिका का एक महीने का दौरा समाप्त हो गया है।

जोशी की तरह, रामदास ने भी फ़ैज़ा दुबई 2022 इंटरनेशनल का प्रदर्शन जारी रखते हुए महिला एकल एसयू5 स्वर्ण पदक जीता। चेन्नई की 17 वर्षीय खिलाड़ी ने अपना संयम बनाए रखा और फाइनल में जापान की अकीको सुगिनो पर 27-25, 21-9 से रोमांचक जीत हासिल की। दुबई में भी रामदास ने सुगिनो को सीधे गेम में हराकर स्वर्ण पदक जीता था। इस सीजन में एसयू5 श्रेणी में यह उनका चौथा महिला एकल स्वर्ण था। इस बीच, पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद भगत को अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी डेनियल बेथेल के खिलाफ 14-21, 21-9, 15-21 से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

मैंने जो यात्रा की है, वह जीवन भर मेरे साथ रहेगी : जायसवाल

मुम्बई, 13 जून। यशस्वी जायसवाल की उम्र 21 से भी कम है। इतनी छोटी उम्र में वह एक बहुत ही संघर्षपूर्ण दौर से गुज़रे हैं। 10 साल पहले उत्तर प्रदेश के भदोही नामक एक छोटे से शहर से यशस्वी क्रिकेट खेलने के लिए मुंबई आए। उस वक़्त उनके पास रहने के लिए मुंबई में घर तक नहीं था। ना ही उतने पैसे थे कि कोई घर भाड़े पर लिया जा सके। वह टेंट में सोते थे। खाने तक की समस्या थी। कभी-कभी तो उन्हें पूरा दिन ग्लुकोज़ बिस्कुट खाकर काटना पड़ता था। हालात ऐसे थे कि मुंबई में अपने गुज़र-बसर के लिए वह आज़ाद मैदान के पास पानीपुरी बेचते थे। अपने त्याग और संघर्ष के उन दिनों को याद करते हुए यशस्वी कहते हैं कि मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि मेरे माता-पिता और परिवार को ''एक आरामदायक जीवन'' देना है।

रणजी ट्राफ़ी सेमीफ़ाइनल से पहले उन्होंने कहा, मैंने जो यात्रा की है, वह जीवन भर मेरे साथ रहेगी। उन दिनों को याद कर के मुझे हमेशा आत्मविश्वास मिलेगा। हां, अब मुझे वित्तीय रूप से कोई परेशानी नहीं है लेकिन ऐसा नहीं है कि इससे मेरे सोच की पद्धित में कोई बदलाव आएगा।'' अपने संघर्ष के दिनों में मैं जैसा था, आज भी वैसा ही हूं। मैं बिल्कुल नहीं बदला हूं और ना बदलने वाला हूं। मैं आज तक जैसा सोचता आया हूं, आगे भी वैसे ही सोचूंगा। मुझे पता है कि मंज़िल तक पहुंचने के लिए कितनी मेहनत और निष्ठा की आवश्यकता होती है।''

दो साल पहले यशस्वी ने अंडर-19 विश्व कप में काफ़ी बढ़िया प्रदर्शन किया था। छह मैचों में 400 रनों के साथ वह सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ थे। उस दौरान यशस्वी के कवर ड्राइव और कट शॉट क्रिकेट जगत की चर्चा का विषय बने हुए थे। आईपीएल 2022 में राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें रिटेन भी किया था, जहां उन्होंने जॉस बटलर के साथ बढ़िया बल्लेबाज़ी की। उन्होंने अपने बढ़िया प्रदर्शन को रणजी ट्रॉफ़ी में भी जारी रखा।

जब यशस्वी राजस्थान की टीम में एकादश से बाहर थे, उस समय के बारे में वह बताते हैं, ''मैंने कभी ख़ुद पर संदेह नहीं किया, मुझे विश्वास था की मुझे मौक़ा मिलेगा। यह सबसे अच्छी बात थी। मुझे लगता है कि मैं मानसिक रूप से बहुत मज़बूत हूं। अगर आप ख़ुद पर विश्वास नहीं करते हैं तो कोई भी आप पर विश्वास नहीं करेगा।''

यशस्वी ने कहा, ''बटलर के साथ बल्लेबाज़ी करना एक शानदार अनुभव था। हम एक-दूसरे से काफ़ी बात करते थे। वह मुझे हमेशा बता देते थे कि क्या करना है। वह मुझे इस संदर्भ में काफ़ी साफ़ और सटीक संदेश देते थे। अगर वह कुछ कहते थे, मैं उस पर पूरा भरोसा करता था। मुझे उनके साथ बल्लेबाज़ी करना काफ़ी अच्छा लगता था। वह मुझे कहते थे कि बढ़िया शॉट खेलने का प्रयास करो और मैं वही करता था।''

पिछले कुछ वर्षों में यशस्वी की बल्लेबाज़ी के दृष्टिकोण में बदलाव आया है, और इसलिए उनके व्यवहार और मानसिकता में भी बदलाव आया है। वह अब पहले की तरह शर्मीले नहीं रहे, वह ड्रेसिंग रूम में टीम के साथियों के साथ मज़ाक़ भी करते हैं।

यशस्वी कहते हैं, ''भाई, मैंने आईपीएल में इतने कैमरे देखे हैं कि डर चला गया है। पहले मुझे यह सोचकर शर्म आती थी कि कैमरे के सामने मैं क्या बोलूंगा? लेकिन अब दिक़्क़त नहीं होती है।अंडर-19 विश्व कप में पहले मैच के बाद मैंने एक साक्षात्कार दिया था। वह मैच तो मेरे लिए काफ़ी अच्छा रहा था लेकिन जब मैं उस इंटरव्यू के बाद वापस ड्रेसिंग रूम में गया तो सभी लोग हंस रहे थे।''

यशस्वी ने अब तक मुंबई के लिए सिर्फ़ दो रणजी ट्रॉफ़ी मैच खेले हैं। क्वार्टर-फ़ाइनल के दौरान उन्होंने उत्तराखंड के ख़िलाफ़ दूसरी पारी में बढ़िया शतक लगया। उन्होंने कहा कि मुंबई की टीम में वापस आकर बढ़िया महसूस हो रहा है। तीन साल पहले बेंगलुरु में उन्होंने विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी में ग़ज़ब की बल्लेबाज़ी की थी। वह उस प्रतियोगिता में दोहरा शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे और उन्होंने छह पारियों में 112.5 की औसत से 564 रन बनाए थे।

इस प्रतियोगिता के बाद उन्होंने अंडर-19 विश्व कप में बढ़िया प्रदर्शन किया लेकिन उसके बाद क्रिकेट की दुनिया पर कोविड का साया पड़ गया।यशस्वी बताते हैं, ''कोविड के दौरान मैंने ज़्यादा कुछ नहीं किया। घर पर रहा, खाया और सोया। दिन को रात में और रात को दिन में बदलते हुए देखा। मैं उस दौरान सुबह सोया करता था और रात में उङ्गता था।'' ट्रेनिंग के लिए कुछ भी उपलब्ध नहीं था। बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स खुला या कोई मैदान भी नहीं खुला था। मैं सड़क पर दौड़ने तक नहीं जाता था। उस समय हर कोई थोड़ा डरा हुआ था। मेरा परिवार मुझे बाहर जाने नहीं देता था।''

जब आईपीएल 2020 कोविड के बाद एक बार फिर से शुरु हुआ तो यशस्वी का प्रदर्शन कुछ ख़ास नहीं था। उन्होंने तीन मैचों में सिर्फ़ 40 रन बनाए। ''मैंने सात-आङ्ग महीनों से कोई क्रिकेट नहीं खेला था। मेरा कंधा भी चोटिल था। इसके बाद अचानक से आईपीएल जैसी बड़ी प्रतियोगिता का हिस्सा ब